जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

09 जनवरी 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया के ललित कला के छात्र और शिक्षक की "विकसित भारत एम्बेसडर, 100 डे चैलेंज" के तहत कला महोत्सव में सक्रिय भागीदारी

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के ललित कला संकाय के छात्रों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों ने 7 जनवरी, 2024 को संस्कृति मंत्रालय, ललित कला अकादमी और एनडीएमसी द्वारा "विकसित भारत एम्बेसडर, 100 डे चैलेंज" के तहत आयोजित कला महोत्सव में सक्रिय रूप से भाग लिया। संकाय के सभी विभागों के छात्र, फाउंडेशन स्तर से लेकर पीएचडी शोधार्थियों के साथ ही पूर्व छात्र विकसित भारत की अभिव्यक्ति के लिए एक साथ आए। उन्होंने न केवल आयोजन में भाग लिया, बल्कि उन्होंने इसके अभिन्न भाग के रूप में कार्य किया।

यह आयोजन अद्वितीय और शानदार था, अपनी तरह का पहला कार्यक्रम था, जहां हाई स्कूल के छात्र, कॉलेज के छात्र, साथ ही पेशेवर कलाकार "विकसित भारत के बढ़ते कदम" का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए, जिसमें 2400 कलाकारों की उपस्थिति थी। कलाकारों ने मिलकर रचनात्मक उत्कृष्टता प्रदर्शित की और निश्चित रूप से सौंदर्यात्मकता के साथ वर्ष की शुरुआत की।

इस कार्यक्रम में भारत के वरिष्ठ और उभरते भावी कलाकारों के बीच बेहतरीन बातचीत हुई, जहां युवा, नए कलाकार वरिष्ठ पेशेवर कलाकारों के मास्टरस्ट्रोक और वैचारिक प्रतिभा का साक्षात्कार कर सके। कॉलेज के साथ-साथ हाई स्कूल के युवा कलाकारों की भी भागीदारी इस कार्यक्रम में रही।

जामिया के संकाय सदस्य, डीन प्रोफेसर बिंदुलिका शर्मा, श्री शाह अबुल फैज़, श्री शाहिद जावेद, सुश्री दीबा, श्री मुन्नेर, सुश्री ध्रुपदी और श्री अरोबिन्दो भी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए इस अभूतपूर्व आयोजन के लिए और रचनात्मकता में भारत के उज्ज्वल, रंगीन और अभिनव भविष्य की ओर बहने के लिए भी एक साथ आए।

प्रोफेसर डॉ बिंदुलिका शर्मा और श्री शाह अबुल फैज़ भी इस कार्यक्रम के निर्णायक मंडल का हिस्सा थे।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया